कार के विचित्र कारनामे

वील बीरू



कार के विचित्र कारनामे

वील बीरू

कभी गमड्राप नाम की एक कार होती थी.

वो एक बहुत पुरानी कार थी, और उसका सही नाम ऑस्टिन क्लिफ्टन, ट्वेल्व-फोर था. लेकिन हर कोई उसे गमड्रॉप बुलाता था. मिस्टर ओल्डकैसल उसके मालिक थे. वो उसे साफ़ रखते थे और उसे पॉलिश करते थे. फिर वो बड़े गर्व से अपनी गाड़ी को देहातों में घुमाते थे.

मिस्टर ओल्डकैसल बिल्कुल अकेले रहते थे. एक दिन उसकी बेटी ने उन्हें शहर में अपने पास आने और रहने के लिए कहा. लेकिन बेटी के गैराज में गमड्रॉप के लिए कोई जगह नहीं थी.

''अब मुझे गमड्रॉप को बेचना पड़ेगा, '' मिस्टर ओल्डकैसल ने दुखी मन से सोचा. 'पर उससे पहले मैं उसका शानदार पीतल का हॉर्न (भोंपू) को उतार लूँगा. उससे मुझे उसकी याद ताज़ा रहेगी.'

और फिर उन्होंने ऐसा ही किया.

उन्होंने गमड्रॉप को मिस्टर प्लगगेट के गैराज को बेच दिया. मिस्टर प्लगगेट ने कहा, "इस तरह की पुरानी कार शायद कोई नहीं खरीदेगा."

'लेकिन शायद कोई उसके यंत्र - स्पीडोमीटर, एमीटर और उसकी घड़ी को अलग से खरीद ले. मैं उन्हें निकाल कर अलग से बेचने की कोशिश करूंगा.'

और उन्होंने ऐसा ही किया.

गमड्रॉप को मिस्टर प्लगगेट ने अपने यार्ड में छोड़ दिया. पहले गमड्रॉप मिस्टर ओल्डकैसल के लाल दरवाजे वाले गैरेज में शान से रहती थी. अब वो बिल्कुल कबाड़ में पड़ी थी. कोई भी उसकी तरफ देखता तक नहीं था. कोई भी उसे खरीदना नहीं चाहता था.

एक दिन दो आदमी हांफते हुए वहां भागे हुए आये.

वे चोर थे और पुलिस से बचकर भाग रहे थे.

उनमें से एक ने कहा, 'यह कार हमारे भागने के लिए बिलकुल सही रहेगी.'

'कोई भी इस कंडम गाड़ी को याद नहीं करेगा.'

फिर वे गमड्रॉप में बैठे, उन्होंने इंजन शुरू किया और गैरेज यार्ड से बाहर निकलकर सड़क पर आगे बढ़े.

लेकिन एक ऑस्टिन क्लिफ्टन कार को ड्राइव करना कोई आसान काम नहीं था, खासकर अगर आप उसके अभ्यस्त न हों. और यह कामविशेष रूप से मुश्किल था अगर आप पुलिस से बचने की कोशिश कर रहे हों. गमड्रॉप सड़क पर लहराती हुई चली और उसके ब्रेक और गियर ने भयानक शोर किया.

फिर, हाई स्ट्रीट के बीच में, उन्होंने एक पुलिस वाले को देखा, जो अपना हाथ उठाए हुए था.

'मैं गाड़ी रोक नहीं सकता,' ड्राइवर ने चिल्लाते हुए कहा.

ब्रेक की तेज आवाज़ की, और एक ज़ोरदार धमाके के साथ गमड्रॉप सीधे सब्ज़ीवाले मिस्टर मोपेट की दुकान की खिड़की से जाकर टकराई.

पुलिस वाला दौड़ा हुआ आया और दोनों घबराए हुए चोरों को गिरफ्तार कर लिया. एक लॉरी गमड्रॉप को खींचकर सीधे पुलिस-थाने ले आई. कुछ देर बाद मिस्टर मोपेट ने अपनी दुकान को साफ करना शुरू किया. जब उन्हें फुटपाथ पर सब्जियों के ढेर के नीचे दो पीतल के हेडलैम्प्स मिले तो उन्हें काफी आश्चर्य हुआ.
मिस्टर मोपेट ने कहा, "अगर मैं उन हेडलैम्प्स को अपनी दुकान के बाहर लटकाऊँगा तो वे अच्छे लगेंगे."
और उन्होंने वैसा ही किया.



पुलिस हवलदार एक दयालु आदमी था. उसने जैसे ही ऑस्टिन क्लिफ्टन को देखा तो वो उस आलीशान गाड़ी को पहचान गया.
'लेकिन हम तुम्हें यहां नहीं रख सकते,' उसने कहा. 'क्योंकि सुपरिन्टेन्डेन्ट साहिब की पुरानी कारों में कोई रूचि नहीं है. पर हम तुम्हारे इंजन और बैटरी को निकालेंगे और उनका उपयोग अपने सीमेंट मिक्सर को चलाने के लिए करेंगे.'
और उन्होंने वही किया.

बेचारी गमड्रॉप! मिस्टर ओल्डकैसल ने उसका भोंपू रखा. मिस्टर प्लगगेट ने उसके यंत्र निकाल लिए, मिस्टर मोपेट ने उसके हेडलैम्प्स, और अब उसके इंजन और बैटरी को भी निकाल लिया गया था.
उस दोपहर को एक लॉरी आई और वो गमड्रॉप को एक कबाड़ी यार्ड में ले गई, जो पुरानी, घिसी-पिटी कारों, पहियों, इंजनों और हर विवरण के स्क्रैप से भरा पड़ा था. यह एक दुर्लभ गमड्रॉप जैसी विंटेज कार - एक मूल ऑस्टिन क्लिफ्टन बारह-चार के साथ बड़ी बेइज़्ज़ती थी. कई हफ्तों तक रात और दिन गमड्रॉप, स्क्रैप के बीच मैदान में खड़ी रही.

फिर एक दिन एक जिप्सी ने मैदान में गुमड्रॉप को देखा. उसने गमड्रॉप के पहियों, सीट और हुड की जांच की. मिस्टर जकरिया रोजा ने कहा, "मुझे इसी गाड़ी की तलाश थी. अब मैं इसे अपने कारवां के पीछे जोड़ दूंगा और अपना सभी अतिरिक्त सामान उसमें लादूँगा."

फिर जकरिया रोजा जिप्सी ने,
दो पाउंड में गमड्रॉप को खरीद लिया.

उन्होंने गमड्रॉप के सामने वाले टायरों की मरम्मत की,
और उसे अपने कारवां के पीछे बाँध लिया.

एक दिन मिस्टर रोजा का घोड़ा चेरी कारवां और पीछे-पीछे गमड्रॉप को खींच रहा था. तभी अचानक एक मोटर-साइकिल ने धमाके के साथ पीछे से टक्कर मारी. चेरी भयभीत हो गई. कारवां लहराया और उसके पहियों खाई में गिर गए और टूट गए.

मिस्टर रोजा, उनकी पत्नी और बच्चे बाहर निकले और सड़क पर खड़े हो गए. उन्हें समझ में नहीं आया कि अब वे क्या करें.
'हम गमड्रॉप के पहियों को निकालकर और उन्हें कारवां में फिट करेंगे,' मिस्टर रोजा ने गमड्रॉप ने कहा

और उन्होंने वही किया. चूँकि पहियों के बिना गमड्रॉप आगे नहीं बढ़ सकती थी इसलिए उन्होंने गमड्रॉप को वहीँ एक खेत में छोड़ दिया. अब गमड्रॉप फिर से अकेली थी. मिस्टर ओल्डकैसल ने उसका हॉर्न निकाला था. प्लगगेट ने उसके यंत्र, हेडलैम्प्स को मॉपेट ने रखा था. पुलिस उसके इंजन और उसकी बैटरी का उपयोग कर रही थी, और अब गमड्रॉप के पहिए भी चले गए थे.

पर गमड्रॉप लंबे समय तक अकेले नहीं रही. मिस्टर अल्फ्रेड ब्लॉप्स, एक भिखारी था और ग्रामीण इलाकों में घूमता था. उसका कोई घरबार नहीं था. उसने गमड्रॉप को साफ़ किया और फिर रात को उसी में सोने लगा.
एक सुबह, जब मिस्टर ब्लॉप्स सोकर उठे तो उन्हें मैदान के गेट पर एक आदमी दिखाई दिया.

'माफ कीजिए,' उस आदमी ने कहा. 'मैं विंटेज (पुरानी) कारों का उत्साही हूं और मैं अगले साल की विंटेज कार प्रतियोगिता के लिए एक पुरानी गाड़ी को दुरुस्त करना चाहता हूँ. मैं आपकी गाडी जैसे मॉडल की तलाश में हूं. मेरा नाम बिल मैकआरेन है. क्या आप मुझे अपनी कार बेचेंगे?'
मिस्टर ब्लॉप्स ने बड़ी ख़ुशी-ख़ुशी पैसे स्वीकार किए. वो अपना घर खोने पर कुछ दुखी भी थे, लेकिन उन्हें गर्व है कि जिस कार को उन्होंने इतना साफ-सुथरा रखा था, उसे अब किसी उचित उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया जायेगा.



फिर बिल मैकरॉन, गुमड्रॉप को एक लॉरी में लादकर अपने घर ले गया. अगले दिन उसने गुमड्रॉप पर काम शुरू किया. उसने गमड्रॉप के बम्पर में डेंट को सीधा किया. उसने गुमड्रॉप को पॉलिश किया, और उसकी पत्नी ने हुड को ठीक किया.
हफ्तों की कड़ी मेहनत के बाद गुमड्रॉप नए के रूप में चमकी - लेकिन उसका कोई पहिया नहीं था, कोई इंजन नहीं था, कोई बैटरी नहीं थी, कोई लैंप नहीं था, कोई यंत्र (स्पीडोमीटर, एमीटर और घड़ी) नहीं था, और कोई हॉर्न नहीं था.
'मुझे ये सब चीज़ें कहीं नहीं मिल रही हैं,' बिल ने कहा. 'अब उन पुर्ज़ों को कोई बनाता और बेचता भी नहीं हैं. वैसे भी कार प्रतियोगिता में तभी प्रवेश कर सकेगी जब उसके सभी पुर्जे कार जितने ही पुराने हों.'

बिल ने एक लंबे समय तक खोजबीन की. फिर एक दिन उसे पास के शहर की हाई स्ट्रीट में एक सब्ज़ीवाले की दुकान के बाहर, दो चमकदार पीतल के हेडलैम्प्स लटके हुए दिखाई दिए.

मिस्टर मोपेट ने बताया कि कैसे उन्हें वो हेडलैम्प्स मिले थे. जब उन्हें पता चला कि गमड्रॉप को फिर से रिपेयर किया जा रहा था तो वो हेडलैम्प्स को बेचने को तुरंत तैयार हो गए. इस तरह गमड्रॉप को अपने हेडलैम्प्स वापिस मिले.



सड़क पर कुछ आगे बिल को एक गैरेज दिखा और वहां से उसने हेडलैम्प्स के लिए कुछ तार खरीदने की सोची.

मिस्टर प्लगगेट ने कहा, 'कभी मेरे पास भी उसी तरह की एक पुरानी कार थी. क्योंकि मैं उस खटारा कार को नहीं रखना चाहता था इसलिए पुलिस उसे ले गई. लेकिन उसके कुछ यंत्र - स्पीडोमीटर, एमीटर आदि अभी भी मेरे पास हैं.'

फिर मिस्टर प्लगगेट ने गमड्रॉप के स्पीडोमीटर, उसके एमीटर और उसकी घड़ी को बाहर निकाला. अब गमड्रॉप को अपने यंत्र भी वापस मिल गए.

'हां,' पुलिस के सार्जेंट ने कहा. 'हमने अपने सीमेंट मिक्सर को चलाने के लिए गमड्रॉप कार के इंजन को रखा था. पर अब हमारा काम पूरा हो गया है. यदि आप चाहें तो आप गमड्रॉप का इंजन और बैटरी ले जा सकते हैं.'

इस तरह गमड्रॉप को उसका इंजन और उसकी बैटरी वापस मिली.

सार्जेंट ने यह भी बताया कि कैसे उन्होंने गमड्रॉप को स्क्रैप व्यापारी के यहाँ छोड़ दिया था. शायद उसी स्क्रैप व्यापारी के पास आपको गमड्रॉप में फिट करने के लिए चार-21 इंच वाले सैंकी पहिए भी मिल जाएं.

'नहीं,' स्क्रैप व्यापारी मिस्टर ब्रेट ने कहा. 'अब मेरे पास ऐसा कोई पहिया नहीं है. वैसे पहिये एक कार में थे जिसे मैंने मिस्टर रोजा को बेचा था. वो पास के मैदान में डेरा डाले हुए हैं. शायद वो पहिये अभी भी उनके पास हों.'



'क्यों, हाँ,' मिस्टर रोज़ा ने कहा. 'मैंने अपने पुराने कारवां पर गमड्रॉप के पहिए लगाए थे. पर मेरे पास अब एक नया कारवां है. आप चाहें तो गमड्रॉप के पहिए ले जा सकते हैं.'
और इस तरह गमड्रॉप को अपने पहिये भी वापस मिले.

अब गमड्रॉप के पास अपने हेडलैम्प्स, अपने इंस्ट्रूमेंट्स (यंत्र), अपना इंजन और अपने ओरिजिनल पहिए थे. गमड्रॉप के पास एक दर्पण और एक नंबर-प्लेट भी थी. बिल को उस दिन बहुत गर्व महसूस हुआ जब वो विंटेज कार प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गमड्रॉप को लेकर गया.

कई पुरानी कारें वहां पहले से ही मौजूद थीं, जब लोगों ने गमड्रॉप देखी तो वे हैरत में पड़े. 'एक ऑस्टिन क्लिफ्टन बारह-चार. दुनिया में ऐसी गाड़ियां अब बहुत ज़्यादा नहीं बची हैं.'

फिर कारों का परीक्षण शुरू हुआ.
दो कठोर दिखने वाले जजों ने गमड्रॉप का मुआइना किया.
उन्होंने गमड्रॉप के दरवाजे खोले, अंदर झाँका, बोनट के नीचे देखा
और अपनी नोटबुक में लंबे नोट लिखे.
फिर उन्होंने एक-दूसरे को देखकर सिर हिलाया.
उसके बाद वे अगली कार पर चले गए.

शाम के समय, घोषणा हुई. 'देवियों और सज्जनों, कारों के परीक्षण का काम अब पूरा हो गया है. न्यायाधीशों की राय में प्रथम पुरस्कार 1926 ऑस्टिन क्लिफ्टन ट्वेल्व-फोर को मिलेगा, जिसके मालिक मिस्टर बिल मैकरन हैं.' बिल ने खुशी में गमड्रॉप के बोनट पर थपकी मारी. 'और अब,' उद्घोषक ने आगे कहा, 'हमारे क्लब के अध्यक्ष, मिस्टर ओल्डकैसल विजेता को पुरस्कार देंगे.'

मिस्टर ओल्डकैसल! गमड्रॉप के पहले मालिक! उन्होंने बिल को एक सिल्वर कप सौंपा. फिर उन्होंने एक छोटा डिब्बा खोला. मिस्टर ओल्डकैसल ने कहा, 'मेरी राय में गाड़ी का एक पुर्ज़ा अभी भी लापता है. आप मुझे उसे देने की अनुमति दें.' फिर उन्होंने गमड्रॉप के चमकदार पीतल के हॉर्न को बाहर निकाला और उसे बिल को भेंट किया.

इस तरह गमड्रॉप को अपना पीतल का हॉर्न भी वापस मिल गया.

समाप्त